प्राथमिकता / महत्वपूर्ण / बजटसंबंधी

मध्य प्रदेश शासन
वित्त विभाग
मंत्रालय

क्रमांक 1638 / आर–815 / 2011 / ब--1 / चार                    भोपाल, दिनांक 26 / 12 / 2024

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव
   मध्य प्रदेश शासन,
   शासन के समस्त विभाग
   मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. समस्त संबंधित विभागाध्यक्ष
   (बजट नियंत्रण अधिकारी)

विषयः **वित्तीय वर्ष 2025--2026 के बजट भाषण हेतु सामग्री का प्रदाय।**

संदर्भः– वित्त विभाग का पत्र क्रमांक 1152 / 815 / 2011/ब–1 दिनांक 25 / 09 / 2024

–::–

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025--2026 के बजट अनुमान तैयारी किये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। इस पत्र के अनुसार, माननीय उप मुख्यमंत्री जी, वित्त के बजट भाषण हेतु वित्त विभाग में सामग्री प्राप्त होने की अंतिम तिथि **15 जनवरी 2025** निर्धारित की गयी है।

अतएव बजट भाषण हेतु आवश्यक जानकारी {हार्डकॉपी व मंगल फॉन्ट में सॉफ्ट कॉपी} वित्त विभाग को ईमेल आईडी ashi.nandanwar@mp.gov.in पर समय–सीमा के भीतर प्रेषित कराने का अनुरोध है। बजट भाषण हेतु सामग्री तैयार करते समय निम्नांकित बिन्दुओं पर **विशेष ध्यान** दिया जावेः–

1. पूर्व वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में अब तक विभाग के कुल बजट प्रावधान के विरुध्द व्यय, विभाग में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं के लक्ष्य व उपलब्धि।
2. हितग्राही मूलक योजनाओं में लाभार्थियों की संख्या तथा लाभ विववरण।
3. मध्यप्रदेश में केन्द्र प्रवर्तित योजना एव केन्द्र क्षेत्रीय योजनाओं की स्थिति व प्रगति।
4. नवीन योजनाओं के संबंध में संक्षिप्त, सारगर्भित व तथ्यात्मक विवरण।
5. पर्यावरण, वन, भूमि एवं जल स्रोत्रों का बेहतर प्रबंधन व संरक्षण, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, गौ–वंश संवर्धन व संरक्षण, जन स्वास्थ्य, औद्योगिक नीति व निवेश प्रोत्साहन, ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की धरोहरों व पर्यटन स्थलों का संवर्धन व संरक्षण, नागरिकों की सुविधा हेतु विज्ञान एवं तकनीकी का प्रयोग, ई–परिवहन, झुग्गी मुक्त मध्यप्रदेश हेतु उठाये गये कदम आदि कार्यों में अर्जित विशेष उपलब्धि / नवाचार, राजस्व वृध्दि के लिये किये गये उपाय तथा आम जन के जीवन को उन्नत करने के लिये विभाग द्वारा किये गये प्रयासों का विवरण।
6. विभाग द्वारा पूर्व वित्तीय वर्षों व वर्तमान वर्ष में अब तक रोजगार सृजन के लिये किये गये प्रयासों का तथ्यात्मक विवरण एवं शासकीय नियुक्तियों की वेतनमान, पदवार, श्रेणीवार संख्या व कुल संख्या का विववरण।
7. श्रमिक व प्रवासी श्रमिकों के कल्याण, थर्ड जेण्डर, निराश्रित एवं बेघर, अनूसचित जाति, जनजाति, विशेष पिछडी जनजातियों के विकास, विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध घुमन्तु जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण हेतु उठाये गये कदम तथा प्रगति से संबंधित विवरण।
8. विकसित भारत@2047 हेतु किये जा रहे प्रयास तथा वित्तीय वर्ष 2025--2026 में तत्संबंधी बजट प्रावधान पर टिप्पणी।

(तन्वी सुन्द्रियाल)
संचालक बजट
मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग

क्रमांक 1639 /आर–815/2024/ब–1/चार भोपाल, दिनांक 26/12/2024

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव/निज सहायक, प्रमुख सचिव/सचिव, संचालक बजट, वित्त विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त उप सचिव/अवर सचिव/अनुभाग अधिकारी, म.प्र. शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर लेख है कि आपकी बजट शाखा अंतर्गत आने वाले विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही समय–सीमा में पूर्ण करावें।
3. आयुक्त, संचालनालय कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश, पर्यावास भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. संचालनालय वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग